IDBI BANK

राजभाषा अनुभाग, प्रधान कार्यालय, मुंबई 'विकास प्रभा' श्रेष्ठ गृह पत्रिका पुरस्कार से सम्मानित

सहर्ष सूचित किया जाता है कि आईडीबीआई बैंक की हिन्दी त्रैमासिक पत्रिका **"विकास प्रभा"** को मुंबई महानगर की अग्रणी सुप्रसिद्ध-साहित्यिक-सांस्कृतिक संस्था **"आशीर्वाद"** द्वारा आयोजित 33वां आशीर्वाद राजभाषा पुरस्कार समारोह में श्रेष्ठ गृह-पत्रिका के रूप में चुना गया. यह पुरस्कार मंगलवार 24 फरवरी 2026 को जुबली हॉल, केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, मुंबई में आयोजित एक भव्य समारोह में श्री अविजित दास, महाप्रबंधक तथा राजभाषा टीम द्वारा ग्रहण किया गया. इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री आशीष शेलार, मा. मंत्री, सांस्कृतिक कार्य, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, महाराष्ट्र राज्य एवं श्री यशपाल शर्मा, सुप्रसिद्ध अभिनेता उपस्थित रहे.

श्री ललित कुमार गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, भारतीय कपास निगम लिमिटेड की उपस्थिती में श्री यशपाल शर्मा (सुप्रसिद्ध अभिनेता) से पुरस्कार प्राप्त करते हुए श्री अविजित दास (मप्र), श्री अब्दुल अज़ीज़ (प्रबंधक), श्रीमती संतोषी शर्मा (प्रबंधक) एवं सुश्री अश्विनी कुल्लू (स.प्र) राजभाषा.